CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 110 रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# रायपुर में कई पेट्रोल पंप हुए खाली, मची अफरा-तफरी

## देर रात पेट्रोल पंपों में लगी लंबी कतारें

**रायपुर, 14 मई (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत शुरू हो गई है। आलम यह है कि शहर के कई पंपों पर स्टॉक खत्म के बोर्ड लटक गए हैं। लोग टैंकियां फुल कराने के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। कहीं पैसा अटकने की खबर है, तो कहीं टैंकर्स ही नहीं पहुंच रहे। रायपुर के सबसे व्यस्त त्रश्च रोड के कई पेट्रोल पंप बुधवार को पूरी तरह से ड्राई हो गए। पंप बंद होने की खबर फैलते ही लोगों में घबराहट फैल गई। बाइक वाले से लेकर कार वाले तक, हर कोई टंकी फुल कराने की होड़ में लगा है। जो टैंकर पहले हफ्ते भर चलता था, वह अब महज 2-3 दिन में खाली हो रहा है। सप्लाई चेन पूरी तरह बिगड़ चुकी है।

सिर्फ रायपुर ही नहीं, बल्कि बस्तर और महासमुंद संभाग में भी स्थिति बेहद खराब है। जगदलपुर के मुख्यालय समेत आस-पास के इलाकों के अधिकांश पंप खाली हो चुके हैं। महासमुंद में तो 5 में से 4 पंपों पर तेल ही नहीं है। दंतेवाड़ा में 19 और कांकेर में भी आधे पंप बंद पड़े हैं। खेती-किसानी और परिवहन पर इसका सीधा असर पड़ने लगा है। पंप संचालकों का कहना है कि पेट्रोलियम कंपनियों ने अब नए और कड़े नियम लागू कर दिए हैं। अब जब तक एक टैंकर पेट्रोल की एडवांस कीमत नहीं चुकाई जाती, तब तक कंपनी टैंकर रवाना नहीं कर रही। कई छोटे पंप संचालक इतना कैश तुरंत नहीं दे पा रहे, जिससे सप्लाई और भी प्रभावित हो रही है। ईंधन की इस किल्लत का असर रायपुर रेल मंडल पर भी दिखा है। डीजल की खपत कम करने के लिए मंडल ने अपने 40 में से 12 डीजल इंजनों को संचालन से बाहर कर दिया है। अब केवल 28 इंजन और पावर कार ही नियमित रूप से चलाए जाएंगे। रेलवे प्रशासन ने डीजल उपयोग की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।





प्रातः 9 बजे, ढ़ोलनदास पेट्रोल पम्प, पुलिस लाईन का दृश्य

**पेट्रोल पंपों का हाल**

- रायपुर के जीई रोड पर लगी लंबी कतारें।
- महासमुंद के 5 में से 4 पेट्रोल पंप सूखे।
- दंतेवाड़ा के 19 पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म।
- पेट्रोलियम कंपनियों ने एडवांस पेमेंट को किया अनिवार्य।

### एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या का खुलासा

# बेटा ही निकला मुख्य आरोपी, संपत्ति विवाद में पिता-पुत्र ने रची थी साजिश



**जांजगीर-चांपा, 14 मई (हाईवे चैनल)।** जिले के भवंतरा गांव में चार लोगों की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच के बाद सामने आया है कि इस जघन्य वारदात को मृतक के पुत्र सोना साय कश्यप ने अपने बेटे गोलू के साथ मिलकर अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मेदनी प्रसाद कश्यप, पीताम्बर कश्यप, शांति बाई और कुमारी मोगरा के रूप में हुई है। पूरा मामला पारिवारिक संपत्ति विवाद से जुड़ा हुआ है। पैतृक संपत्ति को लेकर लंबे समय से परिवार में तनाव चल रहा था, जो धीरे-धीरे गंभीर विवाद में बदल गया और इसी के चलते हत्या की यह वारदात सामने आई। जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि मुख्य आरोपी सोना साय कश्यप का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। बताया जा रहा है कि उसने पूर्व में अपने ही बड़े भाई की हत्या की थी, जिसके चलते वह लगभग 15 साल तक जेल में रहा। हाल ही में सजा पूरी होने के बाद वह रिहा होकर गांव लौटा था। गांव लौटने के बाद भी पारिवारिक विवाद शांत नहीं हुआ और संपत्ति बंटवारे को लेकर लगातार विवाद की स्थिति बनी रही। इसी विवाद के चलते आरोपी ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। शिवरीनारायण पुलिस ने पूर्व में भी आरोपी सोना साय कश्यप के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी, लेकिन इसके बावजूद मामला शांत नहीं हो सका। अब इस घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि भवंतरा गांव में बुधवार देर रात एक ही परिवार के 4 लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतकों में पति-पत्नी और नाती-नातिन शामिल हैं, जिनकी लाशें निर्माणाधीन मकान में खाट पर मिली हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना का पता गुरुवार सुबह तब चला, जब वहां पहुंचे मिस्त्री ने मेदनी प्रसाद कश्यप, पीताम्बर कश्यप, शांति बाई और कुमारी मोगरा के शव देखे। इसके बाद मौके पर फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची और जांच में जुटी गई, इस दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसके बाद इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा हुआ।

## ब्रेकिंग न्यूज

### ब्रिक्स पर टिकी दुनिया की नजर, एस जयशंकर बोले- वैश्विक स्थिरता के लिए अहम

**नई दिल्ली, 14 मई (न्यूज चैनल)।** ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अब तक 80 से अधिक ब्रिक्स बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इनमें सभी सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि इन बैठकों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और संवाद को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स की मौजूदा गति को आगे बढ़ाने की जरूरत है और अध्यक्ष देश के रूप में भारत अधिक समावेशी और सहयोगात्मक ब्रिक्स ढांचे को बढ़ावा देने के लिए साझेदार देशों के साथ लगातार संवाद कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स के सुचारु संचालन और आगे की प्रगति के लिए जरूरी है कि नए सदस्य देश संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बनी आम सहमति को पूरी तरह समझें और उसका समर्थन करें।



### केरल के सीएम होंगे वीडी सतीशन

**नई दिल्ली, 14 मई (न्यूज चैनल)।** केरल के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान हो गया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने गुरुवार को बताया कि वीडी सतीशन को विधायक दल का नेता चुना गया है। उनके नाम का एलान केरल के चुनाव नतीजों के 10 दिन बाद किया गया है। दरअसल, केरल में इस दौरान मुख्यमंत्री पद को लेकर टकराव जारी था। सीएम पद की रेस में वीडी सतीशन के अलावा केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्नीथाला का नाम था। हालांकि, जमीनी स्तर के नेता रहे वीडी सतीशन अंततः इस रेस में सबसे आगे निकल गए।



### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, दो मौतें

**नई दिल्ली, 14 मई (न्यूज चैनल)।** मध्य प्रदेश के देवास स्थित एक पटाखा फैक्टरी में गुरूवार सुबह भीषण विस्फोट हुआ। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के मकानों की दीवारें तक हिल गईं। इस हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई है। यह हादसा देवास के एबी रोड स्थित टोंककला में चलने वाली एक पटाखा फैक्टरी में हुआ।




चूहा- सुनती हो, पेट्रोल पंपों में लंबी-लंबी कतारें लगी है।
चुहिया- हां जी, मोदी जी बोल रहें हैं त्याग-तपस्या ही परीक्षा की घड़ी होती है।

# शिक्षाकर्मियों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका समान वेतनमान की मांग खारिज

**बिलासपुर, 14 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के शिक्षाकर्मियों को समान वेतनमान मामले में हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने शिक्षाकर्मियों द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए स्पष्ट कहा है कि पंचायत संवर्ग के शिक्षाकर्मी और शिक्षा विभाग के नियमित शिक्षक अलग-अलग सेवा श्रेणियों में आते हैं, इसलिए दोनों को समान वेतनमान और सुविधाएं नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि समान काम-समान वेतन का दावा इस मामले में लागू नहीं होता, क्योंकि पंचायत विभाग के तहत नियुक्त शिक्षाकर्मियों की सेवा शर्तें, नियुक्ति प्रक्रिया और जिम्मेदारियां नियमित शिक्षकों से अलग हैं। ऐसे में नियमित शिक्षकों को मिलने वाले प्रमोशनल वेतनमान और अन्य सुविधाओं पर शिक्षाकर्मियों का समान अधिकार नहीं बनता।



हाईकोर्ट ने यह भी माना कि पंचायत संवर्ग की सेवा को शिक्षा विभाग के नियमित शिक्षकों के बराबर नहीं माना जा सकता। इसी आधार पर शिक्षाकर्मियों की प्रमोशनल वेतनमान सहित अन्य मांगों को अदालत ने खारिज कर दिया। इस फैसले के बाद प्रदेश के हजारों शिक्षाकर्मियों को बड़ा झटका माना जा रहा है, जो लंबे समय से नियमित शिक्षकों के समान वेतनमान और सुविधाओं की मांग कर रहे थे। वहीं राज्य सरकार को इस मामले में राहत मिली है। मामले में शिक्षाकर्मियों ने 10 मार्च 2017 के शासन परिपत्र का हवाला देते हुए 10 और 20 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर प्रमोशनल वेतनमान की मांग की थी। हालांकि अदालत ने कहा कि संबंधित परिपत्र केवल नियमित सरकारी शिक्षकों पर लागू होता है, पंचायत संवर्ग के कर्मचारियों पर नहीं।

# माओवादी संगठन को डबल झटका: 15 लाख की इनामी नक्सली गिरफ्तार, वरिष्ठ सदस्य ने किया सरेंडर

**जगदलपुर, 14 मई (हाईवे चैनल)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से माओवादी संगठन की कमजोर होती पकड़ की बड़ी तस्वीर सामने आई है, जहां एक ही दिन में संगठन को अंदर से झटका लगा है। कोलकाता पुलिस की स्त्रञस्त्र ने माओवादियों की रीजनल कमेटी सदस्य श्रद्धा बिस्वास को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से संगठन की सक्रिय और वांछित सदस्य थी।

श्रद्धा पर झारखंड सरकार ने 15 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था और उसके खिलाफ 23 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरी तरफ संगठन के ही एक वरिष्ठ सदस्य मधाई पात्रा ने 30 साल पुराना नाता तोड़ते हुए आत्मसमर्पण किया है। उसने कोलकाता पुलिस आयुक्त के सामने सरेंडर करते हुए हिंसा का रास्ता छोड़ने की बात कही और अपने साथियों से भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की। बताया जा रहा है कि मधाई पात्रा कई राज्यों में सक्रिय रहा है और शीर्ष कमांडर मिसिर बेसरा के करीबी नेटवर्क का हिस्सा था। ऐसे में उसका आत्मसमर्पण संगठन के अंदरूनी हालात और मनोबल पर बड़ा असर डाल सकता है। लगातार दबाव और सुरक्षा बलों की बढ़ती कार्रवाई के बीच अब टॉप कमांडर मिसिर बेसरा को लेकर भी सरेंडर की अटकलें तेज हो गई हैं, जिस पर फिलहाल झारखंड के सारंडा इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है।



# एशियाई मंच पर चमकी छत्तीसगढ़ की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई

**रायपुर, 14 मई (हाईवे चैनल)।** राजनांदगांव की युवा वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। 53 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए ज्ञानेश्वरी ने सिल्वर और कांस्य पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



ज्ञानेश्वरी यादव ने प्रतियोगिता में स्नैच में 88 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 106 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 194 किलोग्राम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके इस दमदार प्रदर्शन ने खेल जगत में छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को नई पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि ज्ञानेश्वरी यादव की सफलता पूरे प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है, वह छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि ज्ञानेश्वरी आने वाले समय में देश के लिए और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

# हार्वेस्टर की चपेट में आकर किसान की दर्दनाक मौत

**धमतरी, 14 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में आज दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां एक किसान की हार्वेस्टर की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरु कर दी। यह घटना भखारा थाना क्षेत्र में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान लाला राम के रूप में हुई है, जो कि रीवागहन गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि लाला राम हार्वेस्टर बनाकर अपने घर लौट रहा था, तभी डबरी पार में चढ़ाव के कारण हार्वेस्टर फंस गया। इसके बाद लाला नीचे उतरकर हार्वेस्टर देख रहा था। इतने में हार्वेस्टर रिवर्स हो गया और लाला उसके नीचे दब गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे अन्य लोगों ने उसे गंभीर हालत में धमतरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लाला की मौत की जानकारी डॉक्टर ने भखारा पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। साथ ही आगे की जांच शुरु कर दी है।




# गुरुग्राम के यश यादव के जरिए राजस्थान पहुंचा पेपर, दिनेश बिवाल के बेटे से पुरानी पहचान

**नई दिल्ली, 14 मई (न्यूज चैनल)।** नीट यूजी-2026 पेपर लीक मामले में राजस्थान कनेक्शन सामने आने के बाद जांच एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्नपत्र यश यादव के जरिए राजस्थान पहुंचा था। यश की पहचान विकास बिवाल से थी। आरोप है कि विकास बिवाल के पिता दिनेश बिवाल ने प्रश्नपत्र की हार्ड कॉपी स्कैन कर उसकी पीडीएफ तैयार की थी। इसके बाद प्रश्नपत्र को हाथ से लिखकर और स्कैन कर सीकर के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों तक पहुंचाया गया।

मामले की जांच कर रही राजस्थान एसओजी ने गुरुग्राम के फरुखनगर इलाके से बीएएमएस छात्र यश यादव को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि वह उस नेटवर्क का हिस्सा था, जिसने नासिक से आए प्रश्नपत्र को राजस्थान तक पहुंचाने में भूमिका निभाई। यश पहले सीकर में रहकर कोचिंग कर चुका है, जिसके चलते उसका राजस्थान के कई जिलों में आना-जाना था।



सूत्रों के मुताबिक नासिक से पकड़े गए आरोपी शुभम खैरनार ने यश यादव को 15 लाख रुपए में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था। इसके बाद यश ने दिनेश और मांगीलाल बिवाल को करीब 30 लाख रुपए में यह पेपर बेचा। जांच में सामने आया है कि यश के जरिए राजस्थान में कई छात्रों तक व्हाट्स एप, टेलीग्राम और निजी संपर्कों के माध्यम से प्रश्नपत्र पहुंचाया गया। छात्रों से इसके बदले 3 लाख से 5 लाख रुपए तक वसूले गए। सीबीआई और राजस्थान एसओजी ने सीकर के कई कोचिंग संस्थानों के स्टाफ और संचालकों से पूछताछ की है। छात्रों और आरोपियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं मनी ट्रेल की जांच के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि पेपर लीक नेटवर्क में किन-किन लोगों की भूमिका रही?

### प्लांट के लिए फर्जी एनओसी

# भूपेश के आरोप पर मंत्री वर्मा का पलटवार, कहा- गांव वाले चाहे तो एनओसी दे, न चाहे तो न दें

रायपुर, 14 मई (हाईवे चैनल)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अलदा में स्पंज आयरन प्लांट लगाने के लिए ग्राम पंचायत की एनओसी का सहारा लेने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आरोप पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब दिया है. मंत्री ने कहा कि यदि गलत हुआ है, तो उसकी जांच होनी चाहिए. गांव वाले चाहे तो एनओसी दें, न चाहे तो न दें। दरअसल, एक दिन पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के देवरी और अलदा के किसानों के साथ प्रेस कांफ्रेस किया था, जिसमें उन्होंने ग्राम अलदा में स्पंज आयरन प्लांट की स्थापना के लिए फर्जी एनओसी का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए स्थानीय विधायक और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को कटघरे में खड़ा किया था। इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भूपेश बघेल वरिष्ठ नेता हैं. प्लांट लगाने का नियम है. शर्तो का विधान उन्हें मालूम है. क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना है, नहीं करना है, यह पंचायत और गांव वालों पर निर्भर करता है। इसके साथ पेट्रोल-डीजल के लिए प्रदेश के पेट्रोल पंपों में लग रही कतार के बीच मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि वैश्विक संकट के कारण समस्या आ रही है. देश के हित में कम इस्तेमाल करना चाहिए. उन्होंने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां जाने के लिए बस का इस्तेमाल करें।



CMYK